फरीदाबाद

हिन्दुस्तान
बुधवार, 12 अक्तूबर 2022
02
www.livehindustan.com

# अग्रवाल कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सम्मपन्न

## सम्मेलन



बल्लभगढ़, संवाददाता। अग्रवाल कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन एचईआई में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एनईपी 2020 के लिए नैक आकलन और प्रत्यायन का मानचित्रण पर हुआ। इसमें करीब 110 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था।

सम्मेलन के दूसरे दिन मंगलवार को पांचवे सत्र का प्रारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाते हुए किया। उन्होंने मनचलों से निपटने के लिए छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजवीर सिंह (कुलपति, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक) रहे।

इसकी अध्यक्षता अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता ने की। पांचवे सत्र की अध्यक्षता डॉ. जयपाल सिंह एसोसिएट प्रोफेसर ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. एस.के. चक्रवर्ती (भूतपूर्व प्रोफेसर, एनआईटी, कुरुक्षेत्र) उपस्थित रहे।

**तकनीकी ज्ञान पर दिया जाएगा जोर :** इस दौरान कहा गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत छात्रों को तकनीकी ज्ञान देने पर विशेष बल दिया जाएगा तथा वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की पुरानी खामियों को हटाकर इसे उत्कृष्ट और सार्वभौमिक बनाने पर ध्यान दिया जाएगा। इस दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक डॉ. मनोज शुक्ला, सह-संयोजक डॉ. गीता गुप्ता एवं डॉ. रामचंद्र, आयोजन सचिव डॉ. शिल्पा गोयल, संयुक्त आयोजन सचिव डॉ. डिंपल एवं डॉ. इनायत चौधरी रही। कार्यक्रम में कमल टंडन, डॉ. के एल कौशिक, डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, उपस्थित रहे। सत्र की प्रतिवेदक उदिता कुंडु, सहायक प्रोफेसर रही।

छठे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. केएल कौशिक (एसोसिएट प्रोफेसर, गणित विभाग ने की। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. केशव देव शर्मा एसडी कॉलेज आदि मौजूद रहे।

## आकर्षक पेंटिंग बनाने वाली छात्राएं सम्मानित

फरीदाबाद। राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर सशक्त बालिका देश का भविष्य विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया।जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा और प्राध्यापक कुलदीप, जितेंद्र, सुरेंद्र और गीता ने सुंदर पेंटिंग बनाने के लिए सभी बालिकाओं को सम्मानित किया।

## एसीपी ने आत्मरक्षा के लिए छात्राओं को प्रेरित किया

फरीदाबाद। दयालबाद स्थित सैंट कोलंबस स्कूल में मंगलवार को जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिलाओं के खिलाफ हिंसा विषय पर हुई इस कार्यशाला की शुरुआत स्कूल प्रिंसिपल श्रीलेखा वीएम के भाषण के साथ हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसीपी क्राइम अगेंस्ट वूमेन मोनिका पहुंची। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को मनचलों से खुद का बचाव करने के लिए उन्हें आत्मरक्षा के गुर सिखाए।